# Superhouse Limited

(A Government of India recognized Export Trading House)
Regd. Office: 150 Feet Road, Jajmau, Kanpur-208010 (India)
CIN: L24231UP1980PLC004910 Tel: 9956040004
email: share@superhouse.in url: http://www.superhouse.in


SHL/SHR/2024 Dated : 30th October, 2024

The Stock Exchange, Mumbai,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
MUMBAI-400001

Company Code: 523283

National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East)
MUMBAI-400051

Scrip Code: SUPERHOUSE

**Sub. : Newspaper Clipping for the Notice of Board of Directors Meeting of the company held on 14th November, 2024.**

Dear Sir,

Please find attached herewith copy of newspapers clipping for the Notice of Board of Directors Meeting of the company held on 14th November,2024 published in English and Hindi newspapers.

Thanking you,

Yours faithfully,
For SUPERHOUSE LIMITED
Raj Kumar Agrawal

Digitally signed by Raj Kumar Agrawal
DN: cn=Raj Kumar Agrawal, c=IN, st=Uttar Pradesh, o=Personal, title=2862, serialNumber=a7296c57ea23a9094d2cb77e56e7d38fb8a7a3d419b973bdfd1544b6279ffc76
Date: 2024.10.31 14:11:47 +05'30'

Company Secretary
Encl. As above

### बीएचईएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सदाशिव मूर्ति ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के उद्घाटन दिवस पर कम्पनी के कारपोरेट कार्यालय, नयी दिल्ली में कार्यकारी निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश भी पढ़े गये।



# निवेशकों को हुआ 4.5 लाख करोड़ का लाभ

## अच्छे संकेतों से शेयर बाजार में खरीददारी हुई हावी, मिड और स्मॉलकैप इंडेक्स में बढ़त

मुम्बई, 28 अक्टूबर (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। वहीं गत सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रहा था। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 602.75 अंक करीब 0.76 फीसदी बढ़कर 80,005.04 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 158.35 अंक तकरीबन 0.65 फीसदी की बढ़त के साथ 24,339.15 के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा मिडकैप, स्मॉलकैप इंडेक्स भी बढ़त पर बंद हुए।

अमेरिकी बाजारों में अनिश्चितता के कारण निवेश सतर्कता बरत रहे हैं। वहीं सोमवार सुबह बाजार की शुरुआत हल्की तेजी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 273 अंक करीब 0.34 फीसदी बढ़कर 79,675 और एनएसई का निफ्टी 74.35 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी ऊपर आकर 24,255 पर था। दिवाली से पहले बाजार में आयी इस तेजी के कारण निवेशकों को 4.5 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कम्पनियों में से 24 के शेयर सोमवार को बढ़त पर बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सबसे ज्यादा



- **सेंसेक्स 602.75 अंक बढ़कर 80,005.04 पर बंद**
- **निफ्टी 158.35 अंक उछलकर 24,339.15 पर बंद**

लगभग तीन फीसदी बढ़ा। 2024-25 की दूसरी तिमाही में मुनाफा बढ़ने से बैंक के शेयर में आज उछाल देखा गया। बैंक ने शनिवार को दूसरी तिमाही के परिणाम जारी किये थे।

इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अडाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़कर बंद हुए। वहीं दूसरी ओर दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर आज नीचे आये।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट से भी बाजार को बल मिला है। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में तेजी, वैश्विक बाजारों से मजबूत रुझान और घरेलू निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में उत्साह का माहौल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 3,036.75 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे पहले सुबह वैश्विक बाजारों से मिल रहे मिश्रित रुझानों की वजह से भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को ब्रेक लग गया। बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 सोमवार को बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 410 अंक की बढ़त के साथ 79,812 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 106 अंक की बढ़त के साथ 24,286 पर कारोबार कर रहा था।

### पंजाब नेशनल बैंक का मुनाफा दो गुना से अधिक हुआ

मुंबई, 28 अक्टूबर (ईएमएस)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सोमवार को अपने जुलाई-सितम्बर अवधि के नतीजों का ऐलान किया। बैंक का मुनाफा 2024-25 की दूसरी तिमाही में दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपये रहा। पब्लिक सेक्टर बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,756 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। पीएनबी ने बताया कि सितम्बर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 34,447 करोड़ रुपये हो गयी। यह पिछले साल की समान तिमाही में 29,383 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा तिमाही के दौरान बैंक ने ब्याज से 29,875 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो एक साल पहले की इसी समान अवधि में 26,355 करोड़ रुपये से अधिक है। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक के ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट में सुधार दिखायी दिया है। यह एक साल पहले के 6.96 प्रतिशत से घटकर सितम्बर तिमाही में ग्रॉस लोन का 4.48 प्रतिशत हो गया।

(सम्मन वास्ते कारोरदा उसूर तबह तलब) (आर्डर 4 कायदा 2 व 1) न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी द्वितीय महोदय हरदोई मुनेश्वर पुत्र इंदा निवासी मो0 बगदाद कस्बा बावन तह0 सदर जिला हरदोई बनाम 1. रामेश्वरी पत्नी स्व0 नरायन लाल 2. राजनाथ 3. ईश्वरदीन 4. अनुज कुमार 5. रविप्रकाश पुत्रगण स्व0 नरायन लाल सर्वनिवासी मो0 बगदाद कस्बा बावन तह0 सदर जिला हरदोई 6. गांवसभा बावन द्वारा प्रधान शशिप्रकाश निवासी मो0 बगदाद कस्बा बावन तह0 सदर जिला हरदोई। वाद संख्या.टी 20231033 01 21 478धारा 116उ0प्र0 राजस्व संहिता हरगाह ने नाबिल बतारीख दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 11 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी के जो मुकदमा के हालात सरकार वक्त वाकिफ किया गया हो और कुछ उजारत बहाल मुतालिफ के मुकदमा का जवाब दे सकेगा जिसके बाद कोई सनद हो कि बनाम ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जवाबदेही को करे। आपको लाजमि है कि उस रोज जुमला दस्तावेज पेश कर आपको लाजमि अपना जवाब देही वक्त तालीम चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है। अगर आप बरोज बुन्कर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको महसूस और फस्ल होगी बबावत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से आज बतारीख 14 माह 10सन 2024 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से.श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी द्वितीय महोदय हरदोई।

**मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम रायबरेली। ई-निविदा सूचना** - फर्म को विद्युत सम्बन्धित कार्य करने का अनुभव हो ऐसे जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र धारक ठेकेदारों से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित विद्युत कार्य सम्पादित कराने हेतु निविदा अलग-अलग दो भागों में, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुनः प्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन की सूचना UP Government की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग किये जायेगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित करा कर प्रयोग किये हुए मान्य नहीं होगे। निविदा खुलने की तिथि 12.11.2024 निर्धारित है। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग-अलग EXECUTIVE ENGINEER (C&MC), ELECTRICITY D.C.U.P. POWER CORP. LTD. RAEBARELI के भारतीय स्टेंट बैंक के खाता संख्या 11059549360 IFS Code SBIN0000 161 में RTGS/NEFT- के माध्यम से ऑन-लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0 टी0आर0 संख्या, पे-इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 37/विविमंप्रा/2024-25 उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-हरचन्दपुर, रायबरेली के विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु एक अद्द डीजल चालित वाहन (जीपनुमा) चालक सहित, को एक वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 38/विविमप्रा/2024-25 विद्युत वितरण खण्ड-महराजगंज, रायबरेली के अर्न्तगत उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-महराजगंज, रायबरेली के विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु एक अद्द डीजल चालित वाहन (जीपनुमा) चालक सहित, को एक वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 39/विविमंप्रा/2024-25 सहायक अभियन्ता (परीक्षण) विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, द्वितीय एवं महराजगंज, जनपद रायबरेली के कार्यक्षेत्र में विभागीय कार्यो के सम्पादन हेतु एक अद्द डीजल चालित वाहन (जीपनुमा) चालक सहित, को एक वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित)। धरोहर धनराशि रू0 3000.00। अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 40/विविमंप्रा/ 2024-25 अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के विभागीय कार्यो के सम्पादन हेतु एक अद्द डीजल चालित वाहन (जीपनुमा) चालक सहित, को एक वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 41/विविमंप्रा/2024-25 अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, रायबरेली के अर्न्तगत विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम, मधुबन एवं उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड-द्वितीय, गोराबाजार हेतु एक-एक अद्द (कुल तीन अद्द) डीजल चालित वाहनों (जीपनुमा) चालक सहित, को एक वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित)। धरोहर धनराशि रू0 8000.00 अल्पकालीन ई-निविदा स0: 42/विविमंप्रा/2024-25 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, रायबरेली के अर्न्तगत विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम (मधुबन) एवं द्वितीय (गोरा बाजार) के कार्यक्षेत्र में भिन्न-भिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तको को नये/मरम्मत किये गये परिवर्तको से बदलने का कार्य।निविदा प्रपत्रका मूल्य रू01180.00 (जी0 एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 8000.00। अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 43/विविमप्रा/2024-25 विद्युत वितरण खण्ड-महराजगंज, रायबरेली के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के विद्युत उपभोक्तओं को एच0टी0/एल0टी0 लाइन का निर्माण कर विद्युत संयोजन प्रदान करने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0 टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 10000.00। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये निविदा में दर्शायी गयी मात्रा को घटाने-बढाने, निविदा के किसी भाग अथवा पूर्ण निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा। "बल्ब एवं सी0एफ0एल0 के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें। - **(मुकेश कुमार) - अधीक्षण अभियन्ता - विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, रायबरेली** - आ0सं0 3485/दिनांक : 28.10.2024

# कारोबारी गौतम सिंघानिया ने लेम्बोर्गिनी इंडिया के प्रमुख को सुनायी खरी-खरी

मुंबई, 28 अक्टूबर (ईएमएस)। रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने लेम्बोर्गिनी इंडिया के प्रमुख शरद अग्रवाल और एशिया के प्रमुख फ्रांसेस्को स्कारदाओनी पर गंभीर

- **लगाये गम्भीर आरोप, ग्राहकों की समस्याओं की नहीं की जांच**
- **एशिया के प्रमुख फ्रां सेस्को स्कारदाओनी पर भी ट्वीट कर बरसे**

आरोप लगा दिये हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि दोनों ने कभी भी ग्राहकों की समस्याओं की जांच नहीं की। कारोबारी सिंघानिया ने कहा, मैं भारत के प्रमुख अग्रवाल और एशिया प्रमुख स्कारदाओनी के अहंकार से हैरान हूं। उसमें से किसी ने भी ग्राहकों की समस्याओं की जांच करने तक की कोशिश नहीं की। उनके ट्वीट पर प्रतिक्रिया में एक यूजर ने बताया कि अग्रवाल 2021 से ट्विटर पर सक्रिय नहीं हैं और यह पूछा कि लेम्बोर्गिनी या अन्य कम्पनियां इस पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दे रही हैं। एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, ग्राहकों की खुशी सभी क्षेत्रों में बहुत महत्वपूर्ण है। इससे ब्रांड वैल्यू बढ़ती है। आप जैसे कर्मचारी ब्रांड वैल्यू को कम कर रहे हैं। आपको शर्म आनी चाहिए। सिंघानिया ने बताया कि रेमंड लाइफस्टाइल अगले तीन सालों में अपने सैकड़ों स्टोर खोलने की योजना बना रहा है और इसके लिए करीब 9 हजार नये कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी। रेमंड, जो 1925 में स्थापित हुआ, अपने व्यवसायों में रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग इकाइयों को भी शामिल करता है। कम्पनी ने साल 2024 की शुरुआत में अपने लाइफस्टाइल डिवीजन को अलग कर दिया है।

### ईएसआई योजना में 20.74 लाख नये कर्मचारी शामिल हुए

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर (ईएमएस)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि अगस्त, 2024 में ईएसआई योजना के तहत करीब 20.74 लाख नये श्रमिक जोड़े गये हैं। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नये पंजीकरण में 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के लगभग 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं। पेरोल आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि ईएसआई योजना में नामांकित महिला सदस्यों की कुल संख्या 4.14 लाख थी। आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त 2024 के महीने में लगभग 28,917 नये प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वर्ष दर वर्ष विश्लेषण से पता चलता है कि अगस्त 2023 की तुलना में शुद्ध पंजीकरण में 6.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# सवा लाख रुपये किलो तक पहुंच सकती है चांदी

मुंबई, 28 अक्टूबर (ईएमएस)। इस साल सोने की कीमत में 33 फीसदी की तेजी आयी है लेकिन चांदी की कीमत में 46 फीसदी की बढ़त देखी जा चुकी है। हाल में चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो के पार पहुंची थी। सुरक्षित निवेश के लिए निवेशक चांदी का रुख कर रहे हैं। साथ ही इसका इंडस्ट्रियल उपयोग भी बढ़ रहा है। यही वजह है कि इसकी कीमत में तेजी आ रही है।



- **86 हजार रुपये के पार निकल सकता है सोना**
- **इस साल चांदी की कीमत में 46 फीसदी की तेजी**

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का कहना है कि मध्यम से लंबी अवधि में चांदी का प्रदर्शन सोने के बराबर या उससे बेहतर हो सकता है। अगले 12 से 15 महीनों में एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1,25,000 रुपये प्रति किलो और कॉमेक्स पर 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की उम्मीद है। फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म का कहना है कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86 हजार रुपये तक पहुंच सकती हैं। कॉमेक्स पर सोने के मध्यम अवधि में 2,830 डॉलर और लंबी अवधि में तीन हजार डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सोना हाल के वर्षों में लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट्स में से एक रहा है। इस साल सोने की कीमतें कॉमेक्स और घरेलू बाजारों दोनों पर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। बाजार के एक जानकार ने कहा कि 2024 में बाजार की अनिश्चितताओं, दरों में कटौती की उम्मीदों, बढ़ती मांग और रुपये में गिरावट के कारण कीमतों में उल्लेखनीय तेजी आयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद के महीने सोने की निकट अवधि की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होंगे। इस साल कीमती धातुओं में तेजी के दो प्रमुख कारक फेडरल रिजर्व से दरों में कटौती की उम्मीद और मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक हलचल है।

FaxNo.0532-2466414 DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL ALLAHABAD Ministry of Finance. Govt of India ऋण वसूली अपीलीय अधिकरण , इलाहाबाद वित्त मत्रालय,भारत सरकार 147.A-58/1, Jawahar Lal Nehru Road , Tagore Town , Allahabad 147-A-58/1 जवाहर लाल नेहरू रोड, टैगोर टाउन, इलाहाबाद MISC APPLICATION No. 04/2024 Ref.No. Appeal Dy NO. 959 of 2022 Dated 22.10.2024 (Summons to the parties through publication under Section 18 of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act. 2002 as amended up to date.SMT. SUSHMA TRIPATHI Appellant Vs. INDIAN BANK & ANOTHER Respondent To SRI KAILAS NARAIN GUPTA, S/o LATE SITARAM GUPTA R/o VILLAGE MAKSUDIAN . POST TIKRA NOTICE- Take Notice that the appellant has filas an appeal against the order dated 10.11.2022 passed in appeal no SA125 of 2020 by the Debts Recovery Tribunal at Allahabad the abovementioned appeal has been listed For appearance and futher proceedings before the Appellate Tribunal at Allahabad on 09.01.2025 at 11.00 A.M. You May Appear Before this Appellate Tribunal on the date either in person or through legal practitioner duly appointed by you for this purpose. Take notice that in default of your appearance on the date fixed the appeal will be heard ex- parte REGISTRAR Dabts Recovery Appellate Tribunal Allahabad

**Superhouse Limited**

Registered Office : 150 Feet Road, Jajmau, Kanpur

CIN : L24231UP1980PLC004910

LEGACY OF EXCELLENCE Website : www.superhouse.in ; e-mail : share@superhouse.in

NOTICE

Notice is hereby given that next meeting of Board of Directors of the Company will be held on Thursday the 14th November, 2024 at 2.00 P.M. at the Head Office of the company at D-15/B, UPSIDC Industrial Area, Phase-II, Unnao-209801 to consider Standalone and Consolidated Financial Results of the company for the quarter ended 30th September, 2024.

This intimation is also available on the website of the company i.e. www.superhouse.in as well as on the website of BSE Limited, www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited www.nseindia.com

For Superhouse Limited

Sd/-

Secretary

Date : 28.10.2024

Place : Unnao

Allen Cooper

# पावरग्रिड के अधिकारी और कर्मचारियों को दिलायी सत्यनिष्ठा की शपथ

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर। विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न कम्पनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर के त्यागी के नेतृत्व और निदेशक(वित्त) जी रविशंकर, निदेशक(कार्मिक) डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी डी के मदान की उपस्थिति में वॉकाथन का आयोजन कर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। जिसमें केन्द्रीय कार्यालय के सभी कार्मिकों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलायी। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के संदेश भी पढ़े गये। राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति की थीम पर इस वर्ष दिनांक 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान पावरग्रिड के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की शुरुआत के पूर्व, सरकारी स्कूल, उल्हावास, गुरुग्राम और गुरुग्राम विश्वविद्यालय में चित्रकला, निबंध और डिबेट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था।

### चावल मिल मालिकों से सभी उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार- प्रल्हाद जोशी

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने किसानों को आश्वासन दिया है कि सरकार चावल मिल मालिकों से सभी उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज नयी दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम शिकायत निवारण प्रणाली के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। डॉ. जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा शिकायत निवारण तंत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण से लेकर समाधान खोजने तक का पूरा निवारण ऑनलाइन होगा। डॉ. जोशी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि मिल मालिकों की सभी शिकायतों का निपटारा पारदर्शी तरीके से किया जायेगा। पोर्टल की विशेषताओं के बारे में उन्होंने कहा कि वह अपनी शिकायतें इस पर दर्ज कर सकेंगे।

**कार्यालय : नगर पालिका परिषद उरई (जालौन)**

पत्रांक : 686(2024–25)/नीलामी दिनांक : 28–10–2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद उरई में कोंच–जालौन रोड बाईपास स्थित नये बस स्टैण्ड की अवशेष दुकान संख्या 01,06व 07 का प्रीमियम/किराये पर आवंटन हेतु सार्वजानिक नीलामी के माध्यम से दिनांक 11.11.2024 को पूर्वाहन 10:30 बजे नगर पालिका के सभा कक्ष में नीलामी की कार्यवाही की जायेगी, दुकान संख्या 01,06,07 सामान्य वर्ग के लिये है। अत: इच्छुक व्यक्ति उक्त दुकानों की नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु रू0 एक लाख का बैंक ड्राफ्ट अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई के पक्ष में जमा करने के उपरान्त उपरोक्त दिनांक, समय तथा स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। अन्य जानकारी कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उरई**

## बाजार भाव

### सर्राफ

चाँदी 999 (प्रति किलो)- 99100, सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल-115000, सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल-120000, सोना बिसकुट (दस ग्राम)-80400, गिन्नी (प्रति नग)-59950-60150

### अनाज (प्रति कुन्तल)

गेहू दड़ा 2800-2850, आरआर-21 2900-2950 गेहू फारम 3050-3100, जौ 2300-2400, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2250-2300, मकाई 2400-2500

### दलहन

चना 6600-6700 अरहर 7500-8200, मसूर 5500-5600, मटर 3300-3400, उड़द हरा 11500-12000, उड़द काला 7500-8500, मूंग 7500-8500

### दाल (प्रति कुन्तल)

अरहर फूल 15000-15100, अरहर स्पेशल 11200-11300, चना दाल 8450-8550 ,मटर दाल 4250-4350

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, इटावा**

संख्या 1139/जि0आ0अ0–इटावा/अवैध शराब/चेतावनी/2024–25/ दिनांक 9 अक्टूबर, 2024

**चेतावनी/अपील**

सावधान सावधान सावधान

जन–साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध स्थानों/अड्डों से खरीदी गयी शराब जहरीली हो सकती है। इसमें मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता है। मिथाइल अल्कोहल एक घातक जहर है। इसकी थोडी सी भी मात्रा पीने से व्यक्ति अंधा हो सकता है और उसकी जान भी जा सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। 'सस्ते के चक्कर में जान न गवायें'। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए अनुज्ञापित मदिरा की दुकान से ही सही क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी हुई बोतलें तथा क्यू0आर0 कोड लगी हुई बोतल/टेट्रा पैक ही खरीदें। जनसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि जनपद में संचालित हो रही देशी शराब, विदेशी मदिरा एव बीयर की फुटकर बिक्री की दुकानों से बिक्री की जाने वाली मदिरा की शीशियों पर अंकित अधिकतम फुटकर विक्रय मूल्य पर ही खरीदें। अवैध मदिरा का निर्माण/बिक्री तथा ओवर रेटिंग की तत्काल सूचना नीचे अंकित मोबाइल नम्बर पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

| क्र0सं0 | तहसील | क्षेत्र का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | सदर | क्षेत्र 1 सदर इटावा | आबकारी निरीक्षक, सदर (9454466317) |
| 2. | भरथना | क्षेत्र 2 भरथना | आबकारी निरीक्षक, भरथना (9454466318) |
| 3. | चकरनगर | क्षेत्र 3 चकरनगर | आबकारी निरीक्षक, चकरनगर (9454467178) |
| 4. | सैफई | क्षेत्र 4 सैफई | आबकारी निरीक्षक, सैफई (9454467182) |
| 5. | जसवन्तनगर | क्षेत्र 5 जसवन्तनगर | आबकारी निरीक्षक, जसवन्तनगर (9454466319) |
| 6. | ताखा | क्षेत्र 6 ताखा | आबकारी निरीक्षक, ताखा (9454466319) |

मदिरा की दुकानों पर किसी प्रकार की शिकायत/ओवर रेटिंग तथा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री होने की सूचना, प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर 9454466019 तथा **जिला आबकारी अधिकारी**, इटावा के मोबाइल नम्बर 9454465672 पर बिना किसी भय के दी जा सकती है।

(विजयपाल सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
इटावा

(अवनीश)
जिलाधिकारी
इटावा

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झॉसी-इन्जी.-ई-2024-196

**कार्य का नाम :** पार्ट "ए" प्रपोजल फॉर प्रोविजन ऑफ़ पोर्टल हट एट 45 स्टेशन अंडर सीनियर डीईएन/ईस्ट सेक्शन एंड 22 स्टेशन अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ सेक्शन एज पर अटैच्ड लिस्ट। पार्ट "बी" प्रोविजन ऑफ़ इलेक्ट्रिक सब स्टेशन बिल्डिंग एंड स्टाफ ड्यूटी रूम एट चित्रकूटधाम कर्वी।

**अनुमानित लागत ₹:** 72,34,729.02 | **अमानत राशि ₹:** 1,44,700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 19.11.2024 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह

• निविदा दिनांक 19.11.2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1869/24 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक: JHS-DY-CEE-C-T-02-R-2024.**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण), उत्तर मध्य रेलवे, झॉसी, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु एक पैकेट सिस्टम पर ऑन लाइन (E-Tendering) के माध्यम से खुली निविदा आमन्त्रित करते हैं। निविदा दिनॉक 14.11.2024 को 15.00 बजे तक website http://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार है-

**निविदा संख्या:** E-Tender Notice No-JHS-DY-CEE-C-T-02-R-2024.

**कार्य का नाम:** एन.सी. रेलवे के झांसी डिवीजन में महोबा-खैरार दोहरीकरण, ललितपुर-बिरारी के दोहरीकरण और दैलवारा- बिरारी कॉर्ड लाइन के संबंध में 25 केवी, 50 हट्‌र्ज, एसी मौजूदा/नए एसपी/एसएसपी/टीएसएस का संशोधन/डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और एसएसपी/एसपी/टीएसएस भवनों का विद्युतीकरण।

**अनुमानित लागत (₹):** 60157546/- | **धरोहर राशि (₹):** 450800/-

**कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 12 माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित | **वैधता अवधि:** 60 दिन

**निविदा खोलने का दिनाँक:** 14.11.2024, **नोट:** पूर्ण विवरण और निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. देखें। 1865/24 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

